>

Title: Need to Set up a railway station near Gate No. 31 C of Central Railway in Akola, Maharashtra.

***श्री संजय धोत्रे (अकोला) :** पिछले तीन चार साल से अकोला जिले के बालापुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मनारखेड, कसूरा, कोलसा, मांडोली, सोनगिरी, कलंबा, कलंवी, महागांव और डोंठारगांव के करीबन 25000 से ज्यादा ग्रामवासियों की मध्य रेलवे के गेट नं0 31सी के पास डी-क्लास स्टेशन के निर्माण की मांग है।

इन सभी ग्राम पंचायतों की ओर से बार-बार यह मांग रही है कि भुसावल स्टेशन से अकोला स्टेशन दरम्यान मध्य रेलवे के गेट नं0 31सी के समीप डी-क्लास स्टेशन के स्थापना की अत्यंत आवश्यकता है। यहां रह रहे करीबन 25000 से ज्यादा लोगों के परिवार के बच्चे पास के बड़े शहरों में रोजाना स्कूल, कॉलेजों में पढ़ाई के लिये आते-जाते हैं। इनके अलावा रोजंदारी करने वाले मजदूर भी पैदल जाना-आना करते हैं। कुछ विद्यार्थी साईकिल या स्कूटर पर जाते है। परन्तु गरीब बच्चे यह 15-20 मील का फासला पैदल ही पार करते हैं। सर्दी तथा बारिश के मौसम में बहुत बुरा हाल होता है। अगर गेट नं0 31सी के पास एक डी-क्लास स्टेशन का निर्माण हो जाता है तो ये सारी परेशानियां दूर हो जाएगी।

मेरी माननीय रेल मंत्री जी से प्रार्थना है कि उपरोक्त हालात में अगर डी-क्लास स्टेशन का निर्माण किया गया तो इन ग्राम पंचायत के लोगों को खासकर पढ़ाई करने वालों को और रोजंदारी करने वाले मजदूरों को पैसेन्जर गाड़ी से नजदीक के शहरों में जाने-आने के लिए सुविधा हो जायेगी और कई सालों से चली आ रही परेशानी से छुटकारा मिल जायेगा। कृपया आवश्यक मंजूरी प्रदान करें।

* Treated as laid on the Table.